तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 समता साहित्य अकादमी ने डॉ. कलाम की स्मृति में सम्मान ...



12 उजाला वहीं से फूटता है, जहां अंधेरे ने सबसे ज्यादा ...



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## देवकर में नाली निर्माण पर विवाद, पोल शिफ्टिंग पर नपं और विद्युत विभाग आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

बेमेतरा जिले के देवकर में इन दिनों नाली निर्माण को लेकर नगर पंचायत और विद्युत विभाग के बीच खींचतान चल रही है। लगभग महीने भर पहले नाली निर्माण के लिए लेआउट कार्य एजेंसी को दिया गया था, जिससे निर्माण के दौरान पूर्व से स्थापित तीन बिजली के खंभे (पोल) नाली के बीचों-बीच आ गए हैं। इसकी जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग द्वारा 23 जुलाई की शाम को स्थल निरीक्षण किया गया। हरेली के शासकीय अवकाश के कारण अगले दिन, 25 जुलाई को विभाग ने पोल शिफ्टिंग के लिए नगर पंचायत देवकर को नोटिस जारी किया। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अन्यथा की स्थिति में विद्युत दुर्घटना होने पर आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। साथ ही, यह भी लिखा गया है कि इस विषय में नोटिस देने से पहले कोई चर्चा नहीं हुई थी। विद्युत विभाग की इस चेतावनी के जवाब में नगर पंचायत प्रशासन ने विद्युत विभाग को एक पत्र लिखा, जिसमें यह दर्शाने की कोशिश की गई कि नाली निर्माण में जहां-जहां विद्युत पोल बीचों-बीच आ रहे हैं, उनकी शिफ्टिंग हेतु पहले से ही चर्चा हुई है। नगर पंचायत ने यह भी निवेदन किया कि पोल शिफ्टिंग का कार्य विद्युत विभाग के मद से कराया जाए। यह पत्र विद्युत विभाग को 25 जुलाई की शाम 6:30 बजे मिला, जिसका आवक क्रमांक 306 है। पोल शिफ्टिंग के लिए नगर पंचायत को मिली नोटिस के जवाब पत्र पर ए.ई. विद्युत विभाग वितरण केंद्र देवकर, गंगाधर बंजारे ने कहा कि पोल शिफ्टिंग के संबंध में 25 जुलाई से पहले कोई चर्चा नहीं हुई है, सीएमओ केशराम साहू अपनी गलती छुपाने के लिए सरासर झूठ बोल रहे हैं।

■ पोल की शिफ्टिंग में लगभग 2 लाख रुपए आएगा खर्च

### बिना एनओसी के नाली निर्माण, जद में आया बिजली पोल

#### खर्च और दबाव की राजनीति

28 जुलाई को विद्युत विभाग से जारी नोटिस में नगर पंचायत को स्पष्ट कहा गया है कि **पोल शिफ्टिंग के लिए विद्युत विभाग से आर्थिक सहयोग नहीं मिल सकता, इसका खर्च स्वयं नगर पंचायत को वहन करना पड़ेगा। खर्च के संबंध में जेई विद्युत केंद्र देवकर, आदित्य कश्यप ने बताया कि स्थल परीक्षण में पूर्व से स्थापित तीन पोल नाली के बीच में आ रहे थे, और पूरे निर्माण में लगभग 15 पोल प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने खर्च का अनुमान बताते हुए कहा कि एक पोल की शिफ्टिंग पर 13 से 15 हजार रुपये खर्च आएगा, उस हिसाब से पूरे पोल की शिफ्टिंग में लगभग 2 लाख रुपये का खर्चा बैठेगा।



#### लापरवाही की भरपाई के लिए पार्षदों पर दबाव

वहीं, नगर पंचायत सीएमओ पर आरोप लग रहा है कि वे अपनी लापरवाही की भरपाई के लिए पार्षदों पर दबाव बना रहे हैं कि वे पार्षद निधि से पोल शिफ्टिंग के लिए अनुशंसा करें। इस आशय का पत्र भी पार्षदों को जारी किया गया है। जबकि, पार्षद निधि का उपयोग स्वयं के वार्ड में मूलभूत सुविधा के लिए किया जाता है, न कि ऐसे कार्यों के लिए। बहरहाल, सीएमओ अपने बचाव में बंदरों की तरह इस डाल से उस डाल पर छलांग/" लगा रहे हैं।

### मांग : चरवाहा पिता-पुत्र की निर्मम हत्या पर सीबीआई नहीं कर रही जांच

## बीरनपुर हत्याकांड में सीबीआई जांच से गरमाया माहौल, मुस्लिम समुदाय में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/देवकर

बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा के ग्राम बीरनपुर में 11 अप्रैल 2023 को घटित हत्याकांड का जिन्न दो साल बाद फिर बाहर निकल आया है। मृतक भुवनेश्वर साहू के विधायक पिता ईश्वर साहू ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से सीबीआई जांच की मांग उठाई थी, जिस पर जांच एजेंसी ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में सीबीआई ने दो मुस्लिम समुदाय के लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, जबकि 12 लोगों के खिलाफ पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है। इस एकतरफा कार्रवाई को लेकर बेमेतरा जिले के मुस्लिम समुदाय में आक्रोश पनप रहा है। समुदाय का कहना है कि सीबीआई ने ग्राम बीरनपुर में मुस्लिम समुदाय के दो लोगों की निर्मम हत्या को जांच में नहीं लिया है, और उन हत्याओं के आरोपी दो साल बाद भी खुले घूम रहे हैं। इसकी उचित जांच कर कार्रवाई करने की मांग को लेकर समाज जिले में ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहा है।

■ बीरनपुर हत्याकांड मे सीबीआई जांच पर उठने लगे सवाल

#### आगे क्या?




उक्त हत्याकांड के बाद राजनीतिक गतिविधियों के चलते प्रदेश में बवाल भी मचा, क्षेत्र में दहशत का वातावरण भी निर्मित हुआ था, और भाजपा ने मृतक भुवनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को विधानसभा टिकट देकर सबको चौंका दिया था। उन्होंने कांग्रेस के धाकड़ नेता को शिकस्त देकर बाजी मार ली थी। अब जब इस हत्याकांड की सीबीआई जांच कार्रवाई शुरू हो चुकी है, तो कुछ नए तथ्यों का खुलासा होने की संभावना है, साथ ही कितने लोगों के ऊपर एफआईआर का मामला दर्ज किया जाता है, इसका भी पता चल सकेगा। क्या दोहरे हत्याकांड की भी सीबीआई तहकीकात करेगी, यह एक बड़ा सवाल जरूर होगा। इस कांड का अंजाम चाहे जो भी हो, पर जिले में सीबीआई जांच कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है, वहीं दूसरे पक्ष में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

#### हत्याकांड का संदर्भ और राजनीतिक पृष्ठभूमि

गौरतलब है कि 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बीरनपुर में सांप्रदायिक विवाद में भुवनेश्वर साहू नामक युवक की मौत हो गई थी, जबकि भीड़ ने दो अन्य चरवाहे पिता-पुत्र की भी हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में कुल तीन लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद प्रदेश में सियासत तेज हो गई थी और इस कांड की गूंज केंद्र स्तर तक पहुंच चुकी थी। इस मामले में मृतक भुवनेश्वर साहू के विधायक पिता ईश्वर साहू ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से उक्त हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की थी, जिस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने मांग स्वीकारते हुए सीबीआई जांच की घोषणा की थी।

#### सीबीआई जांच और समुदाय की आपत्तियां

घटना के ठीक 27 माह बाद सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की है, जिसमें हत्याकांड में शामिल होने की निशानदेही पर दो मुस्लिम युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर जिले के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जांच एजेंसी पर सवाल उठाए हैं। उनकी प्रमुख आपत्ति यह है कि हत्याकांड के बाद दो चरवाहों की भी निर्मम हत्या हुई थी, जिस पर सीबीआई द्वारा उचित जांच कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? जिले के परपोड़ी, देवकर, साजा, दाढ़ी, नवागढ़, बेरला, छिरहा और थान खम्हरिया के मुस्लिम संगठनों ने एकजुट होकर सक्षम व निष्पक्ष जांच किए जाने हेतु मांग रखने वाले हैं।

#### विधायक साहू से अपेक्षाएं

साजा विधायक अब विधानसभा के जनप्रतिनिधि हैं, ऐसे में उनसे यह अपेक्षा की जा रही है कि वे उक्त घटना की सीबीआई से निष्पक्ष जांच करने और बीरनपुर में हुई तीनों मौतों पर समान रूप से जांच की मांग करें।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जन-जागरूकता रथ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा **राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हेपेटाइटिस के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु एक प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वर्ष की थीम 'हेपेटाइटिस चलिए इसे समझते हैं' निर्धारित की गई है।

■ हेपेटाइटिस चलिए इसे समझते हैं थीम पर जोर

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहलेडर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़, जिला नोडल अधिकारी डॉ. बीएल राज एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि हेपेटाइटिस से बचाव हेतु सावधानियां बरतें और शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध निःशुल्क जांच, उपचार एवं टीकाकरण सेवाओं का लाभ लें। जनजागरूकता रथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को हेपेटाइटिस के लक्षण, बचाव, जांच और इलाज की जानकारी देगा।

#### हेपेटाइटिस से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सलाह

व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएं जैसे उस्तरा, ब्रश आदि साझा नहीं करनी चाहिए। इंजेक्शन, उस्तरा ब्लेड जैसी चीजों का केवल एक बार उपयोग करें। असुरक्षित यौन संबंध से बचें और संक्रमित रक्त या नशीले इंजेक्शन के संपर्क में न आएं। सभी गर्भवती महिलाओं को शासकीय अस्पताल में निःशुल्क हेपेटाइटिस की जांच करानी चाहिए। यदि महिला संक्रमित पाई जाती है, तो उसका प्रसव अस्पताल ▸▸| शेष पेज 13 पर

### खबर संक्षेप

#### अवैध गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेच रहे दो युवक और एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बैकुंठधाम मंदिर नर्सरी के पास नेवई में स्टेशन मरोदा शिवपारा नेवई निवासी सुजल सिंह , गौतम नगर सुपेला सोनू साहू उर्फ शेखर. अपचारी बालक अवैध रूप से गांजा बेच रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और दबिश देकर तीनों को पकड़ लिया। सुजल सिंह के पास से एक सफेद रंग की बोरी में गांजा बोरी समेत वजनी 1.238 किलोग्राम 10 हजार रुपए का जब्त किया। इसके अलावा बाइक सीजी 07 सीएन 7170 कीमत 40 हजार रुपए, मोबाइल 30 हजार का जब्त किया। सोनू साहू उर्फ शेखर से बाइक सीजी 07 सी क्यू 3859 को जब्त किया जिसकी कीमत 40 हजार रुपए और गांजा, नगदी रकम 1 हजार रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। अपचारी बालक से बिक्री रकम 500 रुपए मोबाइल, 4 हजार रूपये का जब्त किया है।

#### खाते से 1.19 लाख पार

भिलाई। खाते से अज्ञात ने लाखों रुपए का ठगी किया। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 9 भिलाई निवासी संजीव जैन का हुडको मंगलवार बाजार में मेरा मोबाइल गुम हो गया था। 18 जुन को अपने गुम हुआ था उसमे बैंक खाते का यूपीआई था। दोबारा उसी नंबर को आबंटन कराया गया। अपने नये सिम लेने के बाद बैंक एकाउंट चेक करने पर खाते से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ था। लेकिन 19 जुन को 1 लाख रूपये चार बार और दूसरे खाते से 19 हजार 20 रूपये अंकित शर्मा के एकाउंट में ट्रांसफर होना पाया। अज्ञात ने खाते से कुल 1 लाख 19 हजार 20 आनलाईन ठगी किया।

#### महिला की जान बचाने वाले पुलिस कर्मचारी सम्मानित

**भिलाई।** महिला आत्महत्या करने नदी में कूदी जिसे देख डॉयल 112 के पुलिस जवानों ने तुंरत उसे बचा लिया। मिली जानकारी के मुताबिक 25 जुलाई सी 4 रायपुर से दुर्ग जिला के डीपीसीआर को इवेंट मिला कि एक महिला आत्महत्या करने नदी में कूद गई है। सूचना पर बचाव के लिए थाना दुर्ग के चीता 2 को इवेंट पर रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचकर महिला को बचाया गया। महिला आत्महत्या करने शिवनाथ नदी महमरा एनीकेट में छलांग लगा चुकी थी। डॉयल 112 के आरक्षक हरीश राव,आरक्षक जी राम, चालक सौरभ कुमार ने महिला को बचाने में मदद की। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने तीनों को उत्कृष्ट कार्य के लिए डीपीसीआर प्रभारी की उपस्थिति में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है।

#### गांजा बेचते अधेड़ को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचते पुलिस ने एक अधेड को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया चौक दुर्ग, शिव मंदिर गार्डन के पास वार्ड 54, पोटियाकला आबादीपारा दुर्ग निवासी शेषनारायण वर्मा उर्फ जुगनू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने गांजा वजन 1.100 किलोग्राम 5 हजार 500 रूपये, गांजा बिक्री रकम 500, मोबाईल 15 हजार रूपये का जब्त किया है।

## तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर राजस्व कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

छत्तीसगढ़ के तमाम तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले 28 जुलाई से 30 जुलाई तक चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। थान खम्हरिया में नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू और प्रदीप तिवारी के आंदोलन में चले जाने से तहसील कार्यालय में राजस्व कामकाज प्रभावित हुआ है। संघ ने संसाधन नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ किए जा रहे इस आंदोलन का समापन 30 जुलाई को प्रांत स्तरीय प्रदर्शन से होगा।

#### मांगों और आंदोलन की रूपरेखा

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा का यह प्रदर्शन शासन द्वारा लंबे समय से लंबित कार्यक्षमता से जुड़ी समस्याओं, संसाधनों की कमी, पदोन्नति एवं संरचनात्मक सुधार की मांगों की अनदेखी के विरोध में किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 28 जुलाई को जिला स्तर से हुई। 29 जुलाई को संभाग स्तर पर और 30 जुलाई को प्रांत स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आज तहसील कार्यालय में तहसीलदार नहीं होने से राजस्व मामलों की सुनवाई नहीं हुई। वहीं, भूमि नामांतरण, बटवारानामा, फौती, राजस्व विवाद भूमि, भूमि सीमांकन, अदला-बदली जैसे अनेक कार्य प्रभावित होने से फरियादियों को भटकते देखा गया है। यह स्थिति अगले तीन दिन तक बनी रहने की उम्मीद है। संघ की मुख्य मांगों में डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति के अनुपात को पूर्व की भांति 50:50 करना, पूर्व मांग व घोषणा अनुसार नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित करना, प्रत्येक तहसील में स्थायी स्टाफ, शासकीय वाहन, ड्राइवर एवं ईंधन की उपलब्धता, न्यायिक मामलों में न्यायिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम का अनुपालन और सुरक्षा सहित 17 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। संघ ने आशा जताई है कि शासन स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा। आज तहसीलदारों ने जिले के नगर पंचायत दाढ़ी में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर अगले दिनों का रूपरेखा तैयार किया है। इस प्रकार तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के हड़ताल में चले जाने से राजस्व कामों को लेकर किसान भटकते फिर रहे हैं। बुधवार तक तहसील कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहेंगे।




■ तीन दिन तक राजस्व कार्यों की सुनवाई व कामकाज रहेगा ठप्प

#### उच्चस्थ अधिकारी को दी है जानकारी

मोरध्वज साहू, तहसीलदार थान खम्हरिया ने कहा की छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिले के सभी तहसीलदार ने आवेदन देकर आंदोलन में शामिल हो गए हैं। यह आंदोलन 30 जुलाई तक जारी रहेगा, जिसकी जानकारी उच्चस्थ अधिकारी को दे दी गई है।

## सड़कों में गड्ढों का कहर हर कदम पर हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर चौक भाटापारा मार्ग पर जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुका है, यह सड़क क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए जीवन रेखा मानी जाती है, लेकिन हल में हुई बारिश और जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते यह रास्ता अब हादसों का कारण बन गया है, जहां सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिसके चलते से वहां से गुजरने वाले मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं और लोगो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं, इस दौरान पप्पू साहू ने बताया कि बारिश के चलते गड्ढों में पानी भर जाता है जिसके चलते वहां से गुजरने वाले बाइक सवार गिरकर दुर्घटनाएं हो रहे हैं, लोगों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि गड्ढों को समतल कर बराबर करने की मांग की हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों व बाइक सवार दुर्घटनाएं होने से रोका जा सके।



## अग्रवाल समाज और मारवाड़ी युवा मंच ने कांवरियों की सेवा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खम्हरिया



सावन मास में अग्रवाल समाज द्वारा कांवरियों के लिए विभिन्न प्रकार की सेवाएं और सहायता की जा रही है। इसमें भंडारे और ठहरने की व्यवस्था प्रमुख है। इसके अतिरिक्त, कुछ अग्रवाल युवा मंडल स्वयं भी कांवर यात्राएँ निकालते हैं, जो धार्मिक आस्था और सेवा भावना का प्रतीक है।

पिछले 10 वर्षों से, सुरेश सिंघानिया अपनी माता स्वर्गीय सत्यभामा देवी सिंघानिया की स्मृति में सैकड़ों कांवरियों के लिए प्रतिदिन भोजन और जलपान की व्यवस्था कर रहे हैं। वहीं, विगत तीन वर्षों से लगातार मारवाड़ी युवा मंच भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। उनके द्वारा कांवरियों के लिए जलपान, भोजन और ठहरने की व्यवस्था कवर्धा रोड स्थित महाराणा प्रताप भवन में की गई है। धर्म में आस्था रखने वाले अग्रवाल समाज का मन सेवा कार्यों में ही रमता है, और मारवाड़ी सेवा मंच के सभी सदस्य इसमें अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। कांवर लेकर आने वाले ▸▸| शेष पेज 13 पर

### मुख्यमंत्री ने 48 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

## मुख्यमंत्री ने जिले को दी लाखों के विकास परियोजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक दिवसीय बेमेतरा विकासखंड के नगर पंचायत दाढ़ी प्रवास के दौरान जिलेवासियों को 10267.87 लाख लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कुल 48 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने 10267.87 लाख लागत के 48 कार्यों में से 26 कार्यों का भूमिपूजन तथा 22 कार्यों का लोकार्पण कर जिले के समग्र विकास की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में अधोसंरचना, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली और अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विभागों के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**मुख्यमंत्री का संबोधन: "जनता से किए गए हर वादे को निभाया":** मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार ने डेढ़ वर्ष के भीतर जनता से किए गए वादों को संकल्पबद्ध होकर पूरा किया है। उन्होंने कहा की हमारी सरकार ने गरीबों के अपने घर के सपने को साकार करते हुए 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी है। धान की खरीद 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। बीते दो वर्षों का बकाया धान बोनस किसानों को प्रदान किया गया है। 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर माह 1000 रु देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त किया जा रहा है । पंचायतों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने हेतु अटल सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है, जिससे अब गांव में ही डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए चहुंमुखी विकास को आधार बनाकर छत्तीसगढ़ को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रही है।

#### जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना ने सीएम साय का किया भव्य स्वागत

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने हेलीपेड पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी अंदाज़ में तिलक लगाकर और फूल-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। बेमेतरा जिले के विकास के विभिन्न कार्यों शिलान्यास करने के लिये दिल से आभार प्रकट किया और कहा, "आज का दिन बेमेतरा जिले के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश एक नए युग की ओर अग्रसर है। हम सभी प्रतिनिधियों का दायित्व है कि हम जनता की अपेक्षाओं और ज़रूरतों को प्राथमिकता देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करें।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके नेतृत्व में जिला पंचायत बेमेतरा क्षेत्र के हर गांव, हर मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने शुरू की बूथ मजबूत करने की कवायद



दुर्ग। पीसीसी के निर्देश पर दुर्ग जिला संगठन में मंडल एवं सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन की तैयारी शुरू हो गई है। जिला प्रभारी और पूर्व मंत्री रवीन्द्र चौबे ने शनिचरी बाजार स्थित कांग्रेस भवन में जिले के नेताओं के साथ बैठक की। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित अन्य बैठक में मौजूद थे। रवींद्र चौबे ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने ब्लाक कांग्रेस कमेटियों में संगठनात्मक मजबूती के लिये मंडल एवं सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के शेष 71 ब्लॉक में प्रभारी नियुक्त किया गया है। समन्वय स्थापित करते हुए मंडल कमेटी गठन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बैठक में समिति गठन के निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा में बताया गया कि आगामी समय में जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के समन्वय से मंडल संरचना को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। ज़मीनी स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। बैठक में आशीष वर्मा, कौशल चंद्राकर, अश्वनी साहू, अय्यूब खान, अशोक साहू, कैलाश नाहटा, राजीव गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### जनपद पंचायत के पूर्व सभापतियों ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा

दुर्ग। जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख



एवं जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि के रूप में विक्की मिश्रा ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने तिरगा, झोला, आलबरस, अछोटी, चिंगरी, भरदा, कोनारी, पीछेगांव आदि गांवों में पहुंचकर नदी से सटे क्षेत्रों की जानकारी ली। इसके बाद जिला प्रसाशन को आगाह करते हुए नुकसान होने से पहले राजस्व, कृषि, पीएचई, वानिकी, आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों को सावधानी एवं उचित करवाई के लिए आग्रह किया।

# एसडीएम से मारपीट पर सियासी घमासान, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-यही है भाजपा का असली सुशासन, बीजेपी अध्यक्ष बोले- मामले में जानकारी लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में पदस्थ एसडीएम हितेश पिस्दा के साथ पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत पोटिया चौक के पास गाली गलौच और मारपीट के मामले में सियासी घमासान शुरू हो गया है। बता दें कि इस मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश यादव मुख्य आरोपी है।

आरोप है कि राजनीति धौंस दिखाकर आरोपी ने प्रशासनिक अधिकारी को डराने का प्रयास किया। गाली गलौच कर आरोपी हाथापाई तक उतारू हो गया था। इस मामले में पुलिस ने अपराध भी दर्ज किया है, लेकिन मामले में पुलिस के अफसरों ने भी चुप्पी साध ली है। इधर कांग्रेस ने इस पूरी कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यही भाजपा का असली सुशासन है, जो प्रशासनिक अफसरों से उनके नेता मारपीट कर रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर हल्की धाराएं लगाई गई।

## पोटिया के पास एसडीएम हितेश पिस्दा से भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने की थी मारपीट

### पुलिस का कहना- आरोपी नशे में चूर थे

इस मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी नशे में चूर थे, हालांकि डॉक्टरी रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि छावनी एसडीएम हितेश पिस्दा ऑफिशियल काम से जा रहे थे। इस दौरान पोटिया चौक पर उनकी कार को नशे में चूर तीनों युवको ने टक्कर मार दी। इसके बाद कार से उतरकर तीनों युवक अपने आप को भाजपा का नेता बातकर एसडीएम के साथ मारपीट करने लगे। गाली-गलौज और मोबाइल छीनने का भी प्रयास किया। एसडीएम ने अपना परिचय भी दिया। इसके बावजूद आरोपी बदतमीजी करते रहे। मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। खबर है कि आरोपी जमानत पर बाहर आ चुके हैं।

### सत्ता के नशे में चूर हैं भाजपा के कार्यकर्ता : राकेश ठाकुर



मामले को लेकर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा के नेता सत्ता के नशे में चूर हैं। विष्णु देव सरकार के सुशासन और अनुशासन पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। क्या यही विष्णु देव सरकार का सुशासन है? छत्तीसगढ़ में तो एसडीएम रैंक का अधिकारी भी सुरक्षित नहीं है, तो जनता की सुरक्षा कैसे होगी, इस बात को समझा जा सकता है। हमारी मांग है कि इन गुंडई करने वाले नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया जाए। उन्होंने कहा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पिछले दिनों राजीव भवन में भी घुसकर तोड़फोड़ की थी। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### भाजपा अनुशासनात्मक पार्टी, मामले को संज्ञान में लेंगे : कौशिक



दुर्ग जिला भाजपा के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने इस मुद्दे को लेकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अनुशासनात्मक पार्टी है। भाजपा का परिवार बढ़ चुका है। यदि कोई घटना इस प्रकार से घटित हुई है तो उसे संज्ञान में लेकर बातचीत के बाद पार्टी हाई कमान को अवगत कराया जाएगा, जैसा निर्देश होगा, वैसी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ही कार्यकाल में एक आदिवासी अधिकारी के साथ मारपीट की गई थी। यह मामला दो कारों के आपस में टक्कर के बाद आपसी विवाद का है।अनावश्यक तूल दिया जा रहा है।

# उजाला वहीं से फूटता है, जहां अंधेरे ने सबसे ज्यादा अपना डेरा जमाया रहा हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 124 एपिसोड को 500 से ज्यादा जगहों पर सुना गया

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124वां एपिसोट रविवार को पूरे जिले के 500 से ज्यादा जगहों पर सुना गया। अलग-अलग जगहों पर लोगों ने मोदी की बातें सुनी। मोदी ने इस दौरान कहा कि कभी-कभी सबसे बड़ा उजाला सबसे बड़े अंधेरे वाली जगह से फूटता है।

इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने मत्स्य पालन से अपनी बात की शुरुआत की। इसके बाद अलग-अलग विषयों पर अपने विचार रखे। देश-दुनिया में हो रही घटनाओं के साथ प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाली बातों से अवगत कराया। दुर्ग जिले के संयोजक संतोष सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री की मन की बात को सुनने के लिए लोगों में खासी उत्सुकता देखी गई। उनकी बातें शिक्षा, ज्ञान से परिपूर्ण रहें, लोगों को प्रेरणा देती है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा महिला स्व सहायता समूह, छात्र-छात्राओं, चिकित्सा क्षेत्र और व्यापारिक व्यक्ति शामिल हुए।



### मिट्टी से कलाकृतियां बनाने वालों ने सुनी मन की बात

मठपारा टप्पा तालाब बस्ती दुर्ग में मिट्टी की कलकृतियां बना कर विक्रय कर अपनी जीविका चलाने वाली मानसरोवर महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मोदी के मन की बात सुनी। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार, शीतल जांगिड़, महिला समूह की अध्यक्ष कुमारी ढीमर, लता ढीमर, उर्वशी कुंभकार, मीना कुंभकार सहित अन्य मौजूद थे।

### मोदी की बातें प्रेरणादायक : सुरेंद्र कौशिक

प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाली मन की बात के 124 वें एपिसोड वार्ड 16 बूथ क्रमांक 24 में संचालित कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य मौजूद थे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का हर एपिसोड प्रेरणादायक और आत्मसात करना



वाला होता है। उनके द्वारा हमारे देश की भौगोलिक स्थिति सांस्कृतिक विरासत खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों के बारे में और विभिन्न पहेलियां पर जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी सबसे बड़ा उजाला वहीं से फूटता है, जहां अंधेरे ने सबसे ज्यादा डेरा जमाया हो। ऐसा ही एक उदाहरण है झारखंड के गुमला जलि का। एक समय था, जब ये इलाका माओवादी हिंसा के लिए जाना जाता था। बासिया ब्लॉक के गांव वीरान हो रहे थे। लोग डर के साये में जीते थे। रोजगार की कोई संभावना नजर नहीं आती थी, जमीनें खाली पड़ी थी और नौजवान पलायन कर रहे थे, लेकिन फिर, बदलाव की एक बहुत ही शांत और धैर्य से भरी हुई शुरुआत हुई।

### कैम्प मंडल के वार्ड 30 प्रगति नगर बूथ में भी कार्यक्रम

कैम्प मंडल के वार्ड-30 प्रगति नगर बूथ में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस दौरान लोगों ने मोदी की कही बातों में सुना कि एक बार फिर बात होगी देश की सफलताओं की, देशवासियों की उपलब्धि की। पिछले कुछ समय में पूरा देश, खेल, विज्ञान और संस्कृति को लेकर बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी की बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर उतरे तो पूरा देश खुशी और गर्व से भर गया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 11 साल पूरे करने जा रहा है, लेकिन इसकी ताकत और जरूरत आज भी उतनी ही बनी हुई है। भोपाल की सकारात्मक सोच टीम की सराहना की। पीएम मोदी ने बताया कि यह टीम 200 महिलाओं की है, जो 17 पार्कों की सफाई करने के साथ-साथ लोगों में जागरूकता भी फैला रही हैं। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सत्यादेवी जायसवाल, मोहनीश काले, राहुल झा, जयंत शर्मा, नवीन सिंह, रमेश चौधरी, रितेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## ठेकेदारों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए पात्रता शर्तों में किया जाए संशोधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भिलाई स्टील प्लांट कांट्रेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बीएसपी प्रबंधन ने नए नियम और शर्तों में संशोधन की मांग की है। एसोसिएशन ने कहा कि हमारे कई वरिष्ठ ठेकेदार पिछले 20 वर्षों से कन्वर्टर शटडाउन से संबंधित विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित करते आ रहे हैं। हाल ही में लागू हुई नई नीति के अनुसार जो नया अनुबंध मॉडल तैयार किया गया है। इसमें पांच ठेकेदारों के कार्य को मिलाकर एक कॉन्ट्रेक्ट यूनिट बनाया गया है, जिसके कारण हमारे कई वरिष्ठ एवं अनुभवी ठेकेदार नई पात्रता शर्तों को पूरा कर पाने में असमर्थ हो रहे हैं। हमारे ठेकेदारों के कार्य अनुभव एवं संयंत्र परिसर में किए गए लंबे समय के योगदान को ध्यान में रखते हुए कृपया मापदंडों में आवश्यक सुधार किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, महासचिव विद्या सागर त्रिपाठी, मनीष शर्मा, आर मधुसूदन नायर, राजेंद्र यादव, उमाकांत खंडेलवाल सहित अन्य शामिल हैं।

## शासकीय कॉलेज में मनाया विजय दिवस

जामुल। डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में 26 वां



कारगिल विजय दिवस मनाया गया। यह दिवस केवल एक युद्ध में मिली जीत का नहीं बल्कि यह हमारे सैनिकों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ बलिदान को याद करने का दिन है यह हमें सीखता है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं। इस दिवस पर महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें बी.ए प्रथम सेमेस्टर से तान्या चंद्रवंशी, धीरज जांगड़े, कंचन साहू, बीएससी प्रथम सेमेस्टर से मीनाक्षी बर्मन, वीणा, जागृति साहू एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर से चित्रभानु, नैना देवी शर्मा, चांदनी साहू एवं अर्चिता सिंह ने कारगिल विजय दिवस पर व्याख्यान दिया। इन सभी ने कारगिल के इतिहास, महत्व, कारगिल युद्ध के कारण, युद्ध के परिणाम एवं इसके आयोजन से संबंधित विषय पर बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीडी सोनकर, डॉ. शशि कश्यप, डॉ. भावना माहुले, गजेंद्र कश्यप, बलराज ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कुसुम को मिला राष्ट्रपति गाइड सम्मान, शहर का बढ़ाया मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग नगर की प्रतिभावान बेटी कुसुम सिन्हा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लगन, मेहनत और मार्गदर्शन के साथ कोई भी सपना

■ नगर के लिए प्रेरणा बनीं कुसुम

साकार किया जा सकता है। देश के सर्वोच्च स्काउट गाइड सम्मान 'राष्ट्रपति गाइड प्रमाणपत्र को प्राप्त कर कुसुम ने न केवल अपने परिवार, विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का भी गौरव बढ़ाया।

गौरतलब है कि 22 जुलाई को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली गोदावरी हॉल में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा चयनित सीमित स्काउट-गाइड प्रतिभाओं को राष्ट्रपति प्रमाणपत्र प्रदान किया। छत्तीसगढ़ से केवल तीन प्रतिभाओं में से एक कुसुम रहीं।

यह सम्मान उन प्रतिभागियों को प्रदान किया गया जिन्होंने 2018, 2019, 2020 और 2021 के चार बैचों की संयुक्त राष्ट्रीय परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। कुल 480 प्रतिभागियों ने उत्तीर्णता प्राप्त की, जिनमें से हर वर्ष की प्रत्येक श्रेणी स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर से एक-एक चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागी कुल 16 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को राष्ट्र स्तर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पिता रामखिलावन सिन्हा और माता देवकी सिन्हा ने हमेशा उन्हें प्रोत्साहित किया। उनके साथ शा. आदर्श कन्या उच्चतर मा. विद्यालय की प्राचार्य डॉ कृष्णा अग्रवाल और यूनिट लीडर देविका रानी वर्मा सेवानिवृत्त शिक्षिका ने उनके प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में भूमिका निभाई।



### अनुशासन और सेवा भाव के चलते मिला सम्मान

कुसुम सिन्हा गयानगर वार्ड 10 निवासी ने वर्ष 2018 में स्काउट गाइड के राष्ट्रपति अवॉर्ड के लिए आवेदन किया था। उन्होंने चरणबद्ध तरीके से सभी आवश्यक ट्रेनिंग, सामाजिक सेवा गतिविधियाँ, शिविर, प्रैक्टिकल परीक्षाएं और मूल्यांकन पूरा किए। उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और सेवा भावना के चलते उन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ।

### महापौर पहुंची बधाई देने

इस सफलता पर दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार ने कुसुम सिन्हा के निवास पर पहुंचकर उन्हें शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर और पार्षद, एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन भी मौजूद रहीं।

## बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर का शत-प्रतिशत परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के परिणामों ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पण का प्रतीक है। विभागाध्यक्ष केएल राठी ने बताया कि इस सेमेस्टर में कुल 17 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। विशेष रूप से 6 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि अन्य 6 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इस शानदार उपलब्धि का श्रेय विभाग के समर्पित शिक्षकों वैभव सोनी और दीपक ठाकुर की मेहनत और मार्गदर्शन को जाता है।

## जानलेवा गड्ढे से गंभीर दुर्घटना की आशंका, जा सकती है किसी की जान



दुर्ग। साइंस कॉलेज के सामने वायशेप ब्रिज के मुहाने पर जानलेवा गड्ढा हो जाने से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने इस संबंध में जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं संबंधित विभाग से वायशेप ब्रिज के मुहाने पर हुए जानलेवा गड्ढे को तत्काल पाटने की मांग की है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि इस खतरनाक गड्ढे से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। तथा किसी की जान भी जा सकती है। गड्ढे में पानी भरने से यह गड्ढा दिखाई नहीं देता। फिलहाल इस स्थान पर बैरिकेट्स रखा गया है। छत्तीसगढ़ मंच के दिनेश जैन, रमन सिंह, गुलाब चौहान, ललित वर्मा, युनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, अनिल शर्मा, गुरमीत सिंग भाटिया, बाबू भाई सहित अन्य लोगों ने साइंस कॉलेज के सामने वायशेप ब्रिज के मुहाने पर हुए जानलेवा गड्ढे को तत्काल पाटने की मांग जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं संबंधित विभाग से की है।

# न्यायाधिपति ने न्यायिक व्यवस्था की गुणवत्ता पर जताया संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधिपति पीपी साहू पोर्टफोलियो जज द्वारा जिला न्यायालय दुर्ग का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व सर्किट हाउस में जिला न्यायालय दुर्ग के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पोर्टफोलियो जज की अगवानी की गई। उक्त भेंट में पोर्टफोलियो जज द्वारा जिले के कलेक्टर से नवीन न्यायालय भवन के संबंध में भूमि आबंटन तथा न्यायाधीशों के आवास हेतु भूमि आबंटन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पश्चात पोर्टफोलियो जज का न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं तथा न्यायिक कर्मचारियों ने स्वागत किया। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। जिसमें वर्तमान में जारी स्पेशल मीडिएशन ड्राइव मध्यस्थता राष्ट्र के लिए तथा आगामी नेशनल लोक अदालत को लेकर भी चर्चा की गई। विभिन्न न्यायालयों, डिजिटाइजेशन सेंटर, परिवार न्यायालय,

■ न्यायमूर्ति ने किया जिला न्यायालय का वार्षिक निरीक्षण



विशेष न्यायालय, किलकारी कक्ष, नवीन सभागार, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, अधिवक्ता कक्ष एवं ज्यूडिशल सर्विस सेंटर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने न्यायालय की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति, न्यायिक अधिकारियों के कार्य निष्पादन तथा न्यायालय परिसर की भौतिक संरचना का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पोर्टफोलियो जज के द्वारा अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को किसी भी प्रकार से होने वाली असुविधा के निवारण हेतु संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यथासंभव शीघ्र अधोसंरचना से संबंधित कार्य नियमानुसार पूर्ण करने तथा बेहतर सुविधा व त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## ननकट्टी में महिला समूह का गठन कर महिलाओं को रोजगार से जोड़ा

# आत्मनिर्भर महिला: मटेरियल बेचकर बनाया 50 लाख का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आवास निर्माण में अब तक पुरुषों का बोलबाला रहा है। अब इस काम में महिलाएं भी जुड़ने लगी हैं। ननकट्टी की महिलाओं ने इस ओर आत्मनिर्भरता का कदम बढ़ाया है। महिलाओं ने बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का काम शुरू किया है। इसमें उनका टर्नओवर 50 लाख के पार पहुंच चुका है।

■ बिल्डिंग मटेरियल के साथ फेब्रिकेशन का कर रही व्यवसाय

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग के ननकट्टी में संचालित आराध्या स्व सहायता समूह ने इस काम की शुरुआत की है। हेमलता साहू ने एक छोटे से काम की शुरुआत की। आज वह गांव की कई अन्य महिलाओं को इस काम से जोड़ चुकी हैं। वर्तमान में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई के साथ फेब्रिकेशन का व्यवसाय कर रही हैं। हेमलता साहू ने अपने पति के व्यावसाय में पूंजी की आवश्यकता पूरा करने के लिए समूह के माध्यम से ऋण लिया। समूह के माध्यम से पहली बार 60 हजार और दूसरी बार 143000 बैंक लोन लिया। उनके द्वारा इस लोन का उपयोग अंबुजा सीमेंट की डीलरशिप लेने में खर्च किया। वर्तमान में ननकट्टी के 15 किलोमीटर के एरिया में अंबुजा सीमेंट की सप्लाई का काम कर रही हैं।






### 10 प्रतिशत मार्जिंग में कर रहीं काम, इसलिए डिमांड ज्यादा

जानकारी के मुताबिक हेमलता 10 प्रतिशत के मार्जिंग में काम कर रही हैं। इस वजह से उनकी डिमांड ज्यादा है। वर्तमान में उन्होंने पुनः दो लाख रुपए समूह के माध्यम से कराए जाने वाले बैंक लोन के जरिए व्यापार बढ़ाया है। सीमेंट, सरिया, गिट्टी, रेत और फैब्रिकेशन के कामों के लिए कच्ची सामग्री खरीदकर उनकी सप्लाई कर रही हैं। एक वर्ष में 5 लाख रुपए तक का लाभ अर्जित कर रही हैं। हेमलता ने बताया कि आज उन्होंने समूह के माध्यम से लोन लेकर अपने पति के व्यवसाय में बराबर की साझेदारी को निभाया। एक अच्छा व्यवसाय तैयार किया।

### सरकारी आवासों का मिल रहा काम, शासन से मिला सहयोग

हेमलता जेबरा क्लस्टर के ग्रामों में पंचायत के निर्माण कार्यों जनपद के निर्माण कार्यों विशेष कर प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्माण संबंधी सामग्रियों की सप्लाई कर रही हैं। आज वह अपने बेटी को उच्च शिक्षा के तौर पर भारती यूनिवर्सिटी में बीएससी फॉरेंसिक साइंस की शिक्षा दिला रही हैं। अपने बेटे को अपने पारिवारिक व्यावसाय को और अधिक बढ़ने के लिए एमबीए की पढ़ाई कराएंगी। हेमलता ने बताया कि आज वह अपने व्यावसाय में चार से पांच व्यक्तियों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराती हैं।

# बारह साल से अनुपयोगी पड़ी थी क्रेन, आंतरिक संसाधनों से किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## एसपी-3 की ओपन गैन्ट्री क्रेन का नवीनीकरण



भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट-3 में स्थित ओपन गैन्ट्री क्रेन के नवीनीकरण कार्य शुरु हो गया। कार्यपालक न राकेश कुमार मुख्य अतिथि थे। सीजीएम प्रभारी के दत्ता, एस. वर्गीस, तथा एसपी-3, एसपी-2 और ओएचपी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। 5 टन क्षमता वाली ओपन गैन्ट्री क्रेन वर्ष 2002 में सिंटरिंग मशीन-1 के आरंभिक चरण में स्थापित की गई थी। इसका उपयोग क्षेत्रीय मरम्मत कार्यशाला में मरम्मत किए गए महंगे पुर्जों और उपभोग्य सामग्रियों के भंडारण, स्टैकिंग एवं स्थानांतरण के लिए किया जाता था। 12 वर्षों से यह क्रेन खुले में अनुपयोगी अवस्था में थी। स्क्रैप, कीचड़ एवं मलबे से घिरा यह क्षेत्र एक चुनौती बन चुका था। इसे पुनर्जीवित करने में जीएम आईवी रमना के नेतृत्व में अप्रैल के मध्य में पुनरुद्धार परियोजना आरंभ की गई।

### टीम वर्क से हुआ कार्य

क्रेन के पुनरुद्धार कार्य में होइस्ट प्रणाली, एलटी एवं सीटी यांत्रिकी, नियंत्रण पैनल का पुनःनियोजन तथा नई विद्युत केबलों की स्थापना सम्मिलित रही। क्रेन का भार परीक्षण व संरचनात्मक मूल्यांकन किया गया। साथ ही पुराने डेक प्लेटों से क्षेत्र की बाड़बंदी, 40 ट्रक धातु स्क्रैप का निष्कासन, पुर्जों एवं उपभोग्य सामग्रियों के लिए नए स्टैंड का निर्माण किया गया। इस कार्य में डीजीएम एमयू.राव, वरिष्ठ प्रबंधक केवल साहू, उप प्रबंधक दिनेश मानिकपुरी, एजीएम दीपक गुप्ता, एससी साहू, डीजीएम एस. के. सत्पथी, उप प्रबंधक आरएल साहू, व वरिष्ठ प्रबंधक जितेश शाहनी सहित टीम का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा चरोदा मंडल की कार्यकारिणी घोषित



**भिलाई** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति तथा जिला प्रभारी संदीप शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के अनुमोदन से मंडल अध्यक्ष ए.गौरी शंकर चरोदा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। घोषित कार्यकारिणी में पूर्व पार्षद पूर्णिमा ठाकुर और राजेश मौर्य को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। चरोदा मंडल भाजपा अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने अपनी कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर परमजीत सिंह, श्रीमती प्रमिला तांडी, श्रीमती एम. अरुणा, शिवा पटनायक, महामंत्री श्रीमती पूर्णीमा ठाकुर, महामंत्री राजेश मौर्य, मंत्री वेद प्रकाश पाण्डेय, मलय बेनर्जी, रोहित साहू, श्रीमती रीति वर्मा, कोषाध्यक्ष सनातन ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष, दिलीप साहू, कार्यालय मंत्री, टी. रमन्ना, सह कार्यालय मंत्री किशोर साहू, मीडिया प्रभारी जय प्रकाश पाण्डेय, सह मीडिया प्रभारी प्रसुन्न बेनर्जी, सोशल मीडिया प्रभारी अश्वनी जोशी, सह सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती सुजाता डोंगरे, आईटी सेल प्रभारी महेश तिवारी, आईटी सेल सह प्रभारी पार्थो बाघ को बनाया है। नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष ने सांसद विजय बघेल, विधायक डोमन कोर्सेवाड़ा और जिलाध्यक्ष का आभार जताया है।

## विडंबना : टाउनशिप में नहीं है बीएसपी का एक भी सामुदायिक भवन

# बीएसपी कर्मचारी कहां करें बच्चों का शादी-ब्याह, ले रहे किराए का भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वर्षों बाद भी टाउनशिप में बीएसपी का कोई सामुदायिक भवन नहीं होने का खामियाजा हजारों कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। बच्चों के विवाह आदि सामाजिक कार्यक्रमों के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में बीएसपी प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। यूनियन ने जल्द सर्वसुविधायुक्त मैरिज भवन निर्माण करवाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में पंद्रह हजार बीएसपी कर्मचारियों और अधिकारियों के परिवार सहित बीएसपी से जुड़े लाखों लोग निवास करते हैं। लेकिन कर्मियों के बच्चों के विवाह समारोह आदि आयोजनों के लिए एक भी सामुदायिक भवन नहीं है। पंद्रह साल पूर्व विवाह समारोह के लिए दो भवन थे, जिन्हें बंद कर दिया गया है। सेक्टर 6 चौक पर बीएसपी का दोमंजिला गेस्ट हाउस भवन था, जिसे बीएसपी ने बीएएसएफ के रीजनल हेड क्वार्टर के लिए आवंटित कर रखा है। इसके अलावा सेक्टर 6 पेट्रोल पंप के निकट मंगल भवन था, जिसे भी विवाह आदि पार्टियों के लिए बंद कर पंजाब एंड सिंध बैंक को अलाट किया जा चुका है। इस कारण बीएसपी कर्मियों को अपने बच्चों की शादियां, पारिवारिक व सामाजिक मिलन समारोह आदि पार्टियों के लिए भटकना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- पंद्रह साल पूर्व सेक्टर 6 मंगल भवन और गेस्टहाउस किया बंद
- यूनियनों ने की सर्वसुविधायुक्त भव्य मैरिज भवनों के निर्माण की बीएसपी से मांग
- बारिश और अंधड़ में होती है परेशानी
- बीएसपी प्रबंधन है उदासीन

**खुले मैदानों में विवाह समारोह करने हो रहे मजबूर**



### महंगे निजी मैरिज भवन लेने मजबूर

यूनियनों के मुताबिक बीएसपी द्वारा दोनों भवनों को बंद करने के बाद कर्मियों के सामाजिक समारोहों के लिए अब तक इनकी जगह कोई नया मंगल भवन नहीं बनाये जाने से कर्मियों महंगे निजी भवन आयोजनों के लिए लेने पड़ रहे हैं। परेशानी को देखते हुए जल्द सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाए जाने की मांग प्रबंधन से की गई है। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि प्रबंधन से कर्मियों के बच्चों के विवाह के लिए दो भव्य मेरिज पैलेस बनवाने की मांग की गई है।

### बारिश में बढ़ी परेशानी

टाउनशिप में आयोजनों के लिए भव्य व सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी बरसात के मौसम में होती है। ठंडी या गर्मी के मौसम में कई कर्मचारी खुले मैदानों में बच्चों के विवाह समारोह आयोजित करने मजबूर होते हैं। लेकिन बारिश में लोगों के भीगने व सामान आदि खराब होने के साथ अंधड़ में पंडाल उड़ने की समस्या होती है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि साठ साल पूर्व हर सेक्टर में बनाए गए इस्पात क्लब भी छोटे और जर्जर हो चुके हैं। इन्हें आज के अनुरुप निजी भवनों की तरह अपडेट किया जा सकता है। सभी दर्जनभर इस्पात क्लबों का निर्माण 50-60 पूर्व किया गया था। लेकिन अब तक उनका रिनोवेशन नहीं किए जाने और आकार में छोटे होने से आयोजनों के लिए दिक्कतें हो रही है।

# चिट्टा के साथ गैंगस्टर दीपक का भाई समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पंजाब के नशे का अवैध कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। जिसमें फरार गैंगस्टर दीपक नेपाली का भाई भी शामिल है।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में हेरोइन(चिट्टा) के साथ मकान नंबर 7/12 अटल आवास 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड दीपक नायकर , एचआईजी 28/53 कालीबाडी चौक हाउसिंग बोर्ड वैभव सोनी, केम्प-1 18 नंबर रोड भिलाई लुकेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। तीनों के पास से पुलिस ने 10.55 ग्राम हेरोइन, 2 मोबाईल, 1 कार जब्त किया गया है। कुल कीमत 9 लाख 51 हजार 200 रूपये आंकी गई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देने पहुंची थी। तीन आरोपी युवक चिट्टा बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश में जुटे रहे। पुलिस को आते देख संदेही युवकों द्वारा भागने का प्रयास किया। जामुल पुलिस ने तीनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी लुकेश कुमार सिंह फरार गैंगस्टर दीपक नेपाली का भाई है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेसी नेता हरिओम सोनी का बेटा शिवम सोनी है। इसके पूर्व भी शिवम को जामुल पुलिस ने चिट्टा मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## याद किया करगिल में भारतीय सैनिकों का बलिदान



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस एवं व्यास पूजा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीरजा रानी पाठक की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल विजय पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। डॉ. पाठक ने इस दौरान कारगिल विजय में सैनिकों के बलिदान को याद कर युवाओं द्वारा समाज के लिए अच्छे चरित्र का निर्माण करने की बात कही एवं गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित व्यास पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर एन. एस. इक्का द्वारा आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. कल्याणी, डॉ. नीलम, सुश्री वर्षा वर्मा सहित स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

# चोरी की बिजली से रोशन हो रही सुपेला सब्जी मंडी की अवैध दुकान, व्यापारियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सुपेला में संचालित आकाशगंगा सब्जी मंडी में बेजा कब्जा करके दुकान संचालित किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंडी के दुकानदारों ने समिति के अध्यक्ष से शिकायत करके कहा कि नारायण सिंह वेजिटेबल कंपनी (एनवीसी) के संचालक अमित सिंह ने पार्किंग की जगह पर कब्जा करके दुकान बनाई है। साथ ही चोरी की बिजली का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। इस विरोध के बाद मंडी समिति ने एक बैठक बुलाई। बैठक में निर्णय लिया गया है यदि अमित सिंह खुद से अपना कब्जा नहीं हटाते तो वो निगम से उसे हटवाएंगे। साथ ही एनवीसी के संचालक की सदस्यता मंडी समिति से समाप्त कर दी जाएगी। आकाश गंगा थोक सब्जी मंडी सुपेला के सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष रविंद्र सिंह उर्फ रवि ने बताया कि एनवीसी के संचालक अमित सिंह ने पार्किंग की जगह पर अवैध कब्जा करके दुकान संचालित की है। इसका व्यापारी विरोध कर रहे हैं। उनके द्वारा कलेक्टर के द्वारा शुरू किए गए सार्वजनिक प्याऊ और सस्ते दर में खाने की जगह को भी घेर दिया गया है। इतना ही नहीं अपनी अवैध दुकान में उन्होंने बिजली के खंभे से डायरेक्ट हुकिंग करके अवैध कनेक्शन भी ले रखा है। बिजली विभाग के अधिकारी जानकारी होने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुपेला सब्जी विक्रेता संघ के सभी सदस्यों ने 26 जुलाई को इसे लेकर एक बैठक बुलाई है। बैठक में उन्होंने निर्णय लिया है कि एनवीसी कंपनी के संचालक अमित सिंह खुद से अपनी अवैध दुकान को हटा लें। यदि वो नहीं हटाते तो निगम में शिकायत करके संघ उसे हटवाएगा। यदि वो इसका विरोध करेंगे तो उन्हें सब्जी विक्रेता संघ से बाहर कर दिया जाएगा और वोट देने का अधिकार खत्म कर दिया जाएगा।

- मंडी समिति ने बैठक में लिया निर्णय कहा कब्जा नहीं हटा तो समिति से सदस्यता होगी समाप्त

### अमित ने कहा- मेरे साथ हटें सभी का अवैध कब्जा

अवैध कब्जा कर दुकान संचालित किए जाने के सवाल पर अमित सिंह का कहना है कि उन्होंने खाली पड़ी जगह पर दुकान बनाई है। वो अवैध कब्जा है, उसमें अवैध बिजली कनेक्शन है। वो सारी बात मानते हैं, लेकिन उनकी दुकान तभी हटाई जाए, जब सब्जी मंडी में बनी सभी अवैध दुकानों को वहां से हटाया जाए।

**रजिस्टर्ड दुकान 110 और संचालित हो रही 200 से अधिक**

सुपेला सब्जी मंडी को साडा के समय में बसाया गया था। यहां कुल 110 रजिस्टर्ड दुकाने थी, जिन्हें सब्जी व्यापारियों को आवंटित की गई थीं। अब नगर निगम की लापरवाही के चलते इस मंडी में 200 से अधिक दुकानें थोक और फुटकर की संचालित हैं। इससे साफ है कि 110 से अधिक जो दुकाने हैं वो या तो नियम को ताक में रखकर आवंटित की गई हैं, या फिर बेजा कब्जा के तहत संचालित हो रही हैं।

# प्रगति भवन से निकली ओए की साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




बीएसपी साइकिलिंग क्लब और छत्तीसगढ़ साइकिलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में संडे ऑन साइकिलिंग का आयोजन लगातार 24 वें सप्ताह प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया।

- संडे ऑन साइकिल का 24 वां सप्ताह

अध्यक्षता ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने की। साइकिल यात्रा शहीद उद्यान होते हुए रेल चौक होते हुए प्रगति भवन में समाप्त हुई। इसमें 100 से अधिक बच्चों ने बीएसपी साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिलिंग पोलो क्लब एवं ओए-बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह एवं महासचिव साइकिलिंग एसोसिएशन, छत्तीसगढ़, विनायक चन्नावर के साथ साइकिलिंग की। कार्यक्रम में पूर्व सीजीएम नंदनवार, साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़ छग, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, कोच विकास कुमार, दुर्ग साइकिलिंग एसो. के सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख राजेन्द्र जोशी, विजय पांडेय,गौतम आदि उपस्थित थे।

### हेपेटाइटिस से बचाव के ...

में ही करवाना चाहिए और नवजात शिशु का 24 घंटे के भीतर टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराना चाहिए। बच्चों को एक वर्ष की उम्र से पहले हेपेटाइटिस-बी का टीका अवश्य दिलवाना चाहिए। दूषित भोजन व पानी के सेवन से बचना चाहिए और पानी को छानकर, उबालकर या गुनगुना कर पीना चाहिए। भोजन से पहले और शौच के बाद हाथों को साबुन से धोना चाहिए तथा खुले में शौच नहीं जाना चाहिए। गोदना, टैटू या शरीर में छेद करवाते समय हमेशा नई सुई का ही

## पेज 11 के शेष

उपयोग करें। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि हेपेटाइटिस की जांच, परीक्षण, उपचार एवं टीकाकरण की सुविधा शासकीय अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है।

### अग्रवाल समाज ...

श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह जलपान शिविर लगाए गए हैं। यातायात परिवहन संघ के जिला अध्यक्ष गोपाल साहू और उनकी टीम ने कांवरियों का स्वागत किया, उन्हें केले, बिस्कुट, पूड़ियां और कचौड़ियां आदि वितरित कीं। विभिन्न धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी शिविरों में कांवरियों को फलाहार और भोजन कराया।

नगर में आसपास के ग्रामीण अंचलों जैसे ग्राम टेढ़ी कांपा, बरगा, हाड़ाहुड़ी, हाटराका, सोनचिरैय से सैकड़ों की संख्या में कांवरियों के जत्थे पहुंचे, और उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का रेला नजर आया। नगर में भगवा वस्त्रधारी कांवरियों की टोलियाँ डीजे की धुन पर नाचते हुए दिखाई दीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया।

**तैयारी** पेयजल, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई से लेकर अन्य बिंदुओं पर की चर्चा

# शिवमहापुराण कथा स्थल का कलेक्टर व एसएसपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जयंती स्टेडियम भिलाई में 30 जुलाई से 5 अगस्त तक महा शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन होने वाला है। विश्व विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा महाराज का पावन चरण एक बार फिर भिलाई की पावन धरा पर पड़ने वाली है। जिसकी तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। रविवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं एसएसपी विजय अग्रवाल ने कथा स्थल का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

कथा के मुख्य आयोजक व उप नेता प्रतिपक्ष भिलाई दया सिंह के साथ कलेक्टर ने पूरे पंडाल का निरीक्षण किया। उन्होंने बैठने की व्यवस्थाएं, सुरक्षा, साफ-सफाई, बारिश से बचाव की योजनाएं, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट जैसी सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली। पंडाल में घूमकर उन्होंने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।इसके पश्चात आयोजन स्थल पर बने कार्यालय में बैठकर कथा के शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और भव्य आयोजन को लेकर लंबी चर्चा की गई।

सभी विभागों के समन्वय से योजना तैयार की जा रही है ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर आयोजक दया सिंह ने कलेक्टर एवं एसएसपी को संपूर्ण रूपरेखा की जानकारी दी और बताया कि इस कथा में छत्तीसगढ़ सहित देशभर से श्रद्धालु और संत महात्मा पधारने वाले हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भी अपने परिवार सहित पधारेंगे, उनके अलावा कई मंत्रीगण और उनकी पूरी परिवार के भी आगमन की संभावना है। वीवीआईपी भी कथा सुनने पहुंचेंगे। इस लिए यहाँ की व्यवस्था को और बेहतर बनाने प्रशासन भी जुटा हुआ है. कथा को ऐतिहासिक, अनुशासित और भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की दिशा में प्रशासन और आयोजन बोल बम समिति सक्रिय सदस्य समर्पित भाव से जुटी हुई है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### सड़क नवीनीकरण व चौड़ीकरण की मांग

**कवर्धा।** क्षेत्रवासी लंबे समय से जेवडन चौक से हरिनछपरा तक की जर्जर एवं संकरी सड़क की समस्या से जूझ रही है। यह मार्ग क्षेत्रीय लोगों के लिए जीवनरेखा समान है, जो ग्रामीणों, किसानों, छात्रों और आमजन की कारखाने में गन्ना गाड़ी, स्कूली बस आवागमन की प्रमुख एक मात्र सड़क है।ग्रामीणों ने बताया कि उचित रखरखाव के आभाव में मार्ग काफी जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सड़क चौड़ीकरण व नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

### युवक ने किया आत्महत्या

**खड़गांव।** ग्राम ताडौ के रोशन मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोशन मंडावी का पारिवारिक विवाद हुआ था जिसके बाद उसने शिकारी गोंडरी के जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक रोशन मंडावी पिता देवसाय मंडावी की उम्र महज 21 वर्ष थी। खडगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### गोविंदोत्सव 17 को तैयारियां शुरू

**डोंगरगढ़।** श्री गोविन्दा उत्सव को लेकर शहर में तैयारियां प्रारंभ हो गई है। पर्व को लेकर गत दिनों गट्टानी भवन में महंत साकेतबिहारी दास के सानिध्य में गोविंदा उत्सव कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धूमधाम से गोविंदा उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। मंदिर के संचालक एवं पुजारियों ने बताया कि आगामी 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाएगा। जन्माष्टमी के दूसरे दिन 17 अगस्त को श्री गोविन्दोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। अनिल गट्टानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वनाथ यादव, शरद अग्रवाल, किशोर साखरे, जितेन्द्र भाटिया, रामजी तराने, चेतन अग्रवाल, छेदुलाल अग्रवाल, राहुल यादव, बबलू शांडिल्य आदि शामिल हुए। गोविंदोत्सव समिति के अध्यक्ष श्री गट्टानी ने नागरिकों से धार्मिक उत्सव में शामिल होने का आव्हान किया है।

### विकृत प्रतिमा नहीं बनाने का आव्हान

**डोंगरगढ़।** विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने गणेशोत्सव पर्व को लेकर नगर की कुम्हार बस्ती में जाकर संपर्क किया और सभी मूर्तिकारों से भगवान गणेश की प्रतिमा सम्मानजनक व परंपरागत रूप से बनाने का निवेदन किया जिससे सनातन धर्म का मजाक न बनें। देखा गया है कि गणपती बप्पा की मूर्ति हीरो हीरोइन या कार्टून के रूप में बनाकर अपमान किया जाता है। बजरंगियों की टोली में शामिल बालमुकुंद तराने, ऋषभ डकहा, गौरव अग्रवाल, दुर्गेश सिन्हा, अभिषेक साहू, तरुण ठाकुर, भूपेंद्र साहू, कोमल महोबिया, चिरंजीव निषाद, प्रतिक राव सेदरे ने भ्रमण कर कुम्हारों को समझाइश दी।

### राजस्व रिकार्ड में सुधार की मांग

**डोंगरगढ़।** छुरिया ब्लाक के ग्राम भेजराटोला के किसान बीते 5-7 वर्षो से एग्रीस्टैक पोर्टल सुधारने की मांग कर रहे हैं किन्तु अब तक सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि विकासखण्ड में दो भेजराटोला हैं। एक भेजराटोला रानिमं खोभा के अधीन है तो दूसरा भेजराटोला ग्राम पंचायत हालाडुला में आता है। दोनो ग्राम का खसरा नंबर अलग-अलग है। छुरिया के निकटवर्ती भेजराटोला का विवरण कुमरदा तहसील में दिखाई देता है तो कुमरदा तहसील के भेजराटोला का विवरण छुरिया तहसील में दिखाई देता है।


कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060


## भरचट्टी स्कूल में हरेली की धूम,बच्चों के बीच हुई फुगड़ी व गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता

# हरेली पर्व हरियाली का प्रतीक, चारों ओर हरा भरा रखने का है संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



बेरला ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भरचट्टी में हरेली त्यौहार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। खेती में काम आने वाले औजार की पूजा करके मिठाई वितरण किया गया। बच्चों के बीच फुगड़ी और गेंड़ी प्रतियोगिता करवाकर इनाम वितरण किया गया।हरेली तिहार, छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, और पर्यावरण के प्रति प्रेम का एक महत्वपूर्ण पर्व है।

यह त्यौहार किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है और अच्छी फसल और समृद्धि की कामना के साथ मनाया जाता है। शाला की शिक्षिका हिरकणी साहू के द्वारा बताया गया कि हरेली त्यौहार हरियाली का प्रतीक है। यह हमारे चारों ओर को हरा-भरा रखने का संदेश देती है। इस त्यौहार को श्रावण माह के अमावस्या को मनाया जाता है, यह हमारे छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है। इस दिन कृषि में काम आने वाले औजार और धरती मां की पूजा करके खेतों में चीला चढ़ाया जाता है जिससे हमारी फसल अच्छी हो। हरियाली त्यौहार प्रकृति के प्रति सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। इस अवसर पर स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा पेड़ लगवाया गया जिससे उन्हें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास हो। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, आशीष पांडे ,नीतू परगनिया, तरुण साहू, शिवकुमार मुक्ति, कल्पना मरकाम और कमलेश्वरी सेन उपस्थित रहें।



### अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

**थानखम्हरिया।** स्थानीय रामजी लाल जगदीश प्रसाद भवन में रविवार को अग्रवाल समाज के महिलाओं द्वारा हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। महोत्सव में महिलाओं ने मनोरंजन के लिए विभिन्न गेम्स करवाये। इसमें समाज की सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी नव विवाहित बहू, बेटियों ने उत्साह के साथ तीज उत्सव में हिस्सा लिया। पिछले लगातार कई, सालों से हरियाली तीज उत्सव का आयोजन करती आ रही है। जिसमें हर साल सैकड़ो की तादाद में महिलाएं भाग लेती है। इस दौरान निका सिंघानिया , प्रीति मुरारका, मोनिका सिंघानिया ने बताया, मारवाड़ी समाज में तीज उत्सव का बहुत महत्व है। यह उत्सव मुख्य रूप से भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन का प्रतीक है। और इस प्रेम वैवाहिक भक्ति और मानसून के आगमन के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। झूला के बिना सावन तीज का त्योहार अधूरा होता है। इसे देखते हुए साज सज्जा के साथ झूला तैयार किया गया और साथ में सहेलियों के साथ सेल्फी ली गई।



## समता साहित्य अकादमी ने डॉ. कलाम की स्मृति में सम्मान समारोह आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

धमतरी में समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित विनम्र काव्यांजलि – डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की सुनहरी यादें कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के ग्राम सुरकी (हेमाबंद) निवासी लता बाई मारकण्डे और बंशी लाल मारकण्डे को राज्य स्तरीय अलंकरण से सम्मानित किया गया।

यह आयोजन 27 जुलाई को शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिका कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमतरी के कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कवियों ने काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता पंद्रो (मध्यप्रदेश, भोपाल) थीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय सूफी गायक सुरेश ठाकुर (रायपुर), राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कवि विशाल सिंह धुर्वे (बालोद), भजन गायक दुकालु यादव, सुशीला देवी वाल्मीकि, महेंद्र दास मानिकपुरी एवं प्रदेशाध्यक्ष जीआर बंजारे मंचासीन थे। इस अवसर पर राज्यभर की 40 विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। लता बाई मारकण्डे को मिनीमाता समाजसेवा सम्मान तथा सेवानिवृत्त लाइन इंस्पेक्टर बंशी लाल मारकण्डे को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड 2025 से नवाजा गया।

कार्यक्रम में प्रेम सायमन, लक्ष्मी डहरिया, राजमहंत कुंवर दास डहरिया, डॉ. गोकुल बंजारे चंदन सहित प्रदेशभर से आए कवि, साहित्यकार, गायक, वादक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## प्रदेशव्यापी सांकेतिक धरना में शामिल होंगी मितानिन



**साजा।** शासन के वादाखिलाफी से नाराज मितानिन ने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। लंबे समय से मांग कर रहे संघ कल प्रदेशव्यापी सांकेतिक धरना में शामिल होंगे। इसमें ब्लॉक समन्वयक सपना चौबे, जगन्नाथ, सीता लोधी, मितानिन उतरा, रतना, रुक्मणि, मधु ममता मौजूद थीं।

## सकरी-हांफ नदी संगम तट स्थित शिव मंदिर में सातवां रुद्राभिषेक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

ग्राम गोपालभैना स्थित सकरी एवं हांफ नदी के संगम तट पर बने प्राचीन शिव मंदिर में रुद्राभिषेक अनुष्ठान का सातवां वार्षिक आयोजन आज श्रद्धा, आस्था और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य आचार्य जयद्रथ प्रसाद पांडे के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्रपाठ एवं अभिषेक विधान सम्पन्न हुआ। भक्तजनों ने शिवलिंग पर पंचामृत, दुग्ध, जल व बिल्वपत्र अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में संगीता मिंटू बिसेन परिवार, निषी-निहाल बिसेन, हुलास भुवाल, सुमन सिन्हा, अशोक सेन, कमल साहू, कुंती साहू, साधना श्रीवास्तव, प्रेम बाई निषाद सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## कूंरा महाविद्यालय के भूमिपूजन के विरोध में ग्रामीणों ने निकाली रैली



**नांदघाट।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दाढ़ी प्रवास के दौरान सोमवार को कुरा ग्राम में कॉलेज का भूमिपूजन किया गया। जिसका नांदघाट क्षेत्र में तीव्र विरोध हुआ। सैकड़ों ग्रामीणों ने नांदघाट नगर में रैली निकालकर इस फैसले का विरोध किया और कॉलेज को नांदघाट में ही बनाए जाने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग है। कांग्रेस नेता विजय यादव ने इसे जनभावनाओं के साथ धोखा बताया। भाजपा नेता नरेन्द्र शर्मा ने भी कॉलेज को नांदघाट में ही बनाए जाने की बात कही। सर्वदलीय मंच के आह्वान पर हुए इस आंदोलन में नांदघाट, टेमरी, घुरसेना, तरपोंगी, मगरघटा, धोबघट्टी, मल्दा, सेमरिया, अदार, मुर्रा, ढाबापार, इटई, अकोली, खपरी, खैरा, किरता, चिचोली, चमारी सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण शामिल हुए।

## पंडरिया में चरण पखारकर किया गया कांवड़ियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



बीते 36 वर्षो से श्रावण मास में मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से नर्मदा जलकर लेकर कांवड़ यात्रा करते आ रही पंडरिया अंचल की संकट मोचन बोल बम समिति के कांवड़ियों ने हर बार की तरह इस बार भी नगर, जिला, प्रदेश सहित क्षेत्र के सुख, शांति, समृद्धि की मनोकामना के साथ अपनी कांवड़ यात्रा पूरी की।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को श्री अमरकंटक धाम से प्राचीन शिव मंदिर कामठी में जल अभिषेक कर पंडरिया नगर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर व नगर के मंदिरों के दर्शन करते हुए गोपीबंद पारा स्थित प्राचीन शिव मन्दिर में जलाभिषेक करने पहुंचे इन कांवड़ियों का भव्य स्वागत नगरवासियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कांवड़ियों का स्वागत चरण पखार कर तथा आरती व तिलक कर किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी आनंद सिंह के साथ प्रदीप यादव, प्रशांत सिंह, प्रिंस प्रताप, ललित देवांगन, नितिन जैन, विराट तिवारी, मोंटी जैन, भरत यादव, सरवन साहू, दीपक चंद्रवंशी, आरिफ ख़ान, अजय कुमार, आशीष सिंह उपस्थित थे।

यहां बताना लाजिमी होगा कि विगत सात वर्षो से शिवभक्तों द्वारा इसी तरह से कांवड़ियों का स्वागत किया जा रहा है। बताया जाता है कि संकट मोचन बोल बम समिति का गठन वर्ष 1988 में हुआ था और तभी से समिति की कांवड़ यात्रा अनवरत जारी है। जिसमें पंडरिया नगर सहित मैनपुरा, रोहा, कूबा सहित अन्य ग्रामों के कांवड़िया शामिल है।

## रक्षाबंधन के लिए नगर के बाजार में सजने लगी राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

■ इस वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाएगा भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन



श्रावण मास की पूर्णिमा को पड़ने वाले प्रमुख रक्षा बंधन के त्यौहार को देखते हुए नगर में भाई-बहन के अमरप्रेम को प्रकट करने वाली राखियों से बाजार सजने लगा है और नगर में राखियों की कई दुकाने सज चुकी है। हालांकि 9 अगस्त को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए अभी इन दुकानो में दुकानदारों की अपेक्षा के अनुरूप खरीदी प्रारंभ नहीं हुई लेकिन फिर जिन बहनो को दूर-दराज में रहने वाले अपने भाईयों के लिए राखियां भेजनी है उन्होने राखियों की खरीदी प्रारंभ कर दी है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के चलते ही जहां नगर में चारों ओर शिवभक्ति की लहर हिलोरे मारती है, वहीं श्रावण पूर्णिमा में मनाए जाने वाले राखी पर्व की खुशियां भी अब बिखरने लगी हैं और लोगों ने इस पर्व की तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जिसके तहत बाजार में नई साज-सज्जा के साथ खुली नई दुकानों में पहुंचकर बहनें स्टाक के रहते नए फैशन की सुंदर से सुंदर राखी अपने प्यारे भाईयों के लिए खरीद लेना चाहती हैं। वहीं किसी कारणवश मायके न जा सकने वाली बहनें अपने दूर-दराज भैया व भाभी के लिए समय रहते राखी भेजने की ललक में खरीददारी कर रही है। कवर्धा नगर के राखी विक्रेताओं ने बताया कि, उनके दुकान में विभिन्न प्रकार की राखियों का बम्पर स्टाक है, जिसमें स्टोन की देव मूर्तियों वाली राखी, बच्चों के लिए टैडी बीयर, स्पाइडरमेन, सुपर मेन राखी के साथ लाइट व म्यूजिक वाली राखी खासतौर पर मंगाई गई है। इसके साथ सामान्य तौर पर बिकने वाली राखियों में डोरियां, मेटल तथा विभिन्न प्रकार की फैंसी राखियां है। जिनकी कीमत 10 रूपए से दो ढाई सौ रूपए तक है।

### ग्रामीण गौठानों का हालबेहाल

**बरबसपुर।** बारिश के बाद गांव-गांव के गौठान दलदल और कीचड़ में तब्दील हो चुके है। जिसके कारण मवेशियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बारिश के इन दिनो में विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम नाऊडीह दौजरी जेवडन खुर्द बांझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, घुकसा, बरबसपुर, सिघनपुरी तथा विकासखंड बोड़ल के अंतर्गत हरिनछपरा, राम्हेपुर कला के गौठान में बारिश दलदल में तब्दील हो गए। आलम ये है कि गौठान पूरी तरह से कीचड़ से लतपथ हो चुके हैं जहां मवेशियों के बैठने के लिए एक इंच भी सूखी जमीन नहीं है। ऐसे में मवेशियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या से जूझ रहे मवेशी एक तरफ गौठान में सूखी जमीन के आभाव में परेशान हैं तो दूसरी तरफ मच्छर और मक्खी से हलाकान है।

## साले के सूने मकान में जीजा ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



■ चार दिन बाद मिला मृतक का शव, आत्महत्या का कारण अज्ञात

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम कान्हाखेरो निवासी एक ग्रामीण का शव उसके ससुराल छीरपानी में साले के सूने मकान में फांसी के फंदे में लटका मिला है। बताया जाता है कि मृतक का शव करीब चार दिन पुराना है। घटना की जानकारी मिले के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का ताला खोलकर मृतक का शव बरामद कर लिया है।

प्रथम दृष्टया ग्रामीण द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ग्रामीण ने आत्महत्या क्यों की। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदूर थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी के अश्रित गांव कान्हाखेरो निवासी बिसराम पिता सुखीराम आयु 30 का शव ग्राम छीरपानी स्थित उसकी ससुराल में साले के सूने मकान में मिला है। बताया जाता है कि करीब चार दिन पूर्व बिसराम अपनी ससुराल छीरपानी गया था जहां उसने अपने साले के सूने मकान में फांसी का फंदा कसकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी चार दिन बाद मृतक के परिजनो को हुई।

जिसके बाद उन्होने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है लेकिन अभी तक मृतक के शव का पीएम नहीं हो पाया है और न ही आत्महत्या किए जाने की वजह स्पष्ट हो पाई है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है।


एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा
जिला के अंतर्गत देवकर
में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411



online Booking:-www.tripuryatra.com


11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर,
18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411